आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 21 ● कटनी ● मंगलवार, 22 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# जंग कभी भी शुरू होने की आशंका



## पुतिन ने सेना को दिए पूर्वी यूक्रेन में घुसने के आदेश

## गहराया संकट

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ गया है। ताजा खबर यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने सैनिकों को पूर्वी यूक्रेन के उन हिस्सों में घुसने के आदेश दे दिए हैं। हालांकि रूस की ओर से कहा गया है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से सेना को भेजा रहा रहा है। यूक्रेन से सटी सीमा पर रूसी सैनिक टैंकों और अन्य हथियारों से लैस देखे गए हैं। वहीं पुतिन द्वारा इसे शांति मिशन कहे जाने पर सवाल उठे हैं। यूक्रेन को अब पश्चिमी देशों से मदद की आस है। ऐसे में यदि अमेरिका व अन्य देश सैन्य मदद करते हैं तो बड़ा युद्ध छिड़ जाएगा।

## रूस के कदम पर भड़की दुनिया

### पुतिन के फैसले पर अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों की चेतावनी



यूक्रेन की सीमाओं पर रूस की सैन्य तैनाती को लेकर चल रहे तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने पूर्वी यूक्रेन के लुहान्स्क और डोनेट्स्क प्रांत को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। साथ ही रूसी सैनिकों को वहां शांति बनाए रखने का आदेश दिया है। उनके इस फैसले की चारों ओर निंदा की जा रही है। NATO प्रमुख ने इसे अंतर राष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन बताया है। वहीं, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों ने उन्हें चेतावनी दी है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा- जल्द देंगे जवाब

व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडेन ने यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के पुतिन के फैसले की कड़ी निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से भी कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जल्द इसका जवाब देगा।

अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध ।व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी ने कहा कि हमें रूस से ऐसी ही उम्मीद थी और हम तुरंत जवाब देने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर साइन किए। इसके अनुसार कोई भी अमेरिकी नागरिक इन इलाकों के लोगों के साथ किसी भी तरह का निवेश नहीं कर सकता है और न ही किसी सेवा या आयात-निर्यात की अनुमति होगी।



### खार्किव से आज लौटेंगे 256 भारतीय छात्र

यूक्रेन में जारी तनाव को देखते हुए चार अन्य उड़ाने ऑपरेट की जाएंगी। भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, कीव से दिल्ली के लिए चार उड़ानें 25 फरवरी, 27 फरवरी और 6 मार्च, 2022 को ऑपरेट की जाएंगी। इस बीच मंगलवार सुबह एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट यूक्रेन रवाना की गई है। यूक्रेन के खार्किव से 256 भारतीय छात्र देश लौटेंगे। फ्लाइट आज रात 10.15 बजे देश लौट आएगी।




# देश में मातृ मृत्यु दर कम करने की जिम्मेदारी जबलपुर पर

## प्रसव के लिए पश्चिम देशों की पद्धति का इस्तेमाल एल्गिन में होगा

नीरज उपाध्याय

**जबलपुर ।** चिकित्सा क्षेत्र में जबलपुर को बड़ी उपलब्धि के साथ जिम्मेदारी मिली है। विदेशों में गर्भवती महिलाओं के प्रसव किस तरीके से कराया जाता है और वहां पर मातृ मृत्यु दर कैसे कंट्रोल हुआ इसकी बारीकियां डॉक्टरों को सिखाने के लिए एक इंस्टिट्यूट रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में खोला जा रहा है। एल्गिन में इंस्टिट्यूट को लेकर तैयारियां अंतिम दौर पर है।जुलाई से इसका शुभारंभ होगा। खास बात यह है कि केंद्रीय चिकित्सा विभाग पूरे देश में 14 सेंटर खोल रहा है जिसमें और मध्यप्रदेश से इंस्टिट्यूट खोलने के लिए सिर्फ जबलपुर का चयन किया है। यहां से डॉक्टर प्रशिक्षित होंगे जो अन्य शहरों में जाकर मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए प्रयास करेंगे। एल्गिन में रोजाना करीब 35 प्रसव हो रहे हैं जिसमें 15 सिजेरियन से हो रहे हैं। यह स्थिति लगभग सभी जिलों में है।

### सिजेरियन पद्धति से प्रसव रोकने कवायद

डॉक्टर संजय मिश्रा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेंवाएं जबलपुर संभाग ने बताया कि सिजेरियन पद्धति से प्रसव होने के कारण मातृ मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसको रोकने के लिए केंद्रीय चिकित्सा विभाग ने देश भर में 14 सेंटरों का चयन किया जिसमें जबलपुर को चयनित किया गया है। नेशनल मिडबाइफर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की शुरूआत जुलाई में हो जाएगी, इसके लिए अलग वार्ड बनाया जा रहा है।

### 30 सीटों का होगा सेंटर

डॉक्टर संजय मिश्रा ने बताया कि एल्गिन में नेशनल मिडबाइफर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में 30 सीटें रखी गई है इसमें डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि विदेशों में किस तरह से प्रसव होते हैं, अभी तक अपने यहां सामान्य प्रसव कराया जाता है जिसकी वजह से मातृ मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी हो रही है। गर्भवती महिला को बेड में लिटाकर प्रसव कराने की पद्धति को बदलना है। विभाग द्वारा एक सकुर्लर जारी किया गया है जिसमें बताया गया कि विदेशों में किस तरह से प्रसव होते हैं।



सिजेरियन प्रसव रोकने के लिए एल्गिन अस्पताल में नेशनल मिडबाइफर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोला जा रहा है। इसके लिए एक अलग वार्ड तैयार हो रहा है। वार्ड जिसमें गर्भवती महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे विदेशों की तर्ज पर नार्मल डिलीवरी होगी एवं मातृ मृत्यु दर में भी कमी आएगी।

**डॉक्टर संजय मिश्रा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेंवाएं जबलपुर संभाग**




### अहमदाबाद ब्लास्ट के 7 दोषी भोपाल जेल में

## 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर

**भोपाल ।** अहमदाबाद ब्लास्ट में दोषी ठहराए गए सात आतंकी इस वक्त भोपाल की सेंट्रल जेल में बंद हैं। इसके मद्देनजर जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। 24 घंटे इनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।अब सुरक्षा व्यवस्था की प्रतिदिन समीक्षा होगी। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जेल की अध्यक्षता में समिति गठित कर दी गई है। साथ ही भोपाल कमिश्नर गुलशन बामरा को निर्देश दिए गए हैं वे जेल के बाहर पुलिस की निगरानी व्यवस्था को और बढ़ाएं। जेल विभाग को वाकी-टाकी, ताला-चाबी, फोन बदलने के निर्देश दिए गए हैं। सेंट्रल जेल में हाटलाइन की व्यवस्था भी बनाई जाएगी। यह निर्देश गृह एवं जेल मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को सेंट्रल जेल, भोपाल की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिए।उच्च स्तरीय बैठक में भोपाल सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलूओं की समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि जिस अंडा सेल में आतंकियों को रखा गया है, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सशस्त्र बल के जवान तैनात हैं। टावर के माध्यम से 24 घंटे निगरानी हो रही है। जेल के बाहर भी पुलिस बल के जवान तैनात हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जेल की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। इसमें उप पुलिस महानिरीक्षक जेल और जेल अधीक्षक का सदस्य बनाया गया है। समिति प्रतिदिन सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलू की समीक्षा करेगी। इसमें यह देखा जाएगा कि आतंकियों से कौन फोन पर बात करना चाहते हैं। जो खाना-पीना दिया रहा है, वो कैसे है और सुरक्षा पर्याप्त है या इसमें बढ़ोतरी करने की जरूरत है। समिति गृह एवं जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में रहेगी ।।

# अप्रैल से दोगुनी हो सकती है घरेलू गैस की कीमत

## महंगा हो जाएगा खाना पकाना, गाड़ी चलाना

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में गैस की भारी किल्लत हो गई है और अप्रैल में इसका असर भारत में देखने को मिल सकता है। इससे देश में गैस की कीमत दोगुना हो सकती है। इससे सीएनजी , पीएनजी और बिजली की कीमतें बढ़ जाएगी। साथ ही सरकार का फर्टिलाइजर सब्सिडी बिल भी बढ़ जाएगा। ग्लोबल इकॉनमी कोरोना का कहर से बाहर निकल रही है और इसके साथ ही एनर्जी की मांग भी बढ़ रही है। लेकिन 2021 में इसकी सप्लाई को बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। इन कारणों से गैस की कीमत में काफी तेजी आई है। घरेलू इंडस्ट्रीज पहली ही आयातित एलएनजी के लिए ज्यादा कीमत चुका रही है। इसकी वजह लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट्स हैं जहां कीमत कच्चे तेल से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने स्पॉट मार्केट से खरीदारी कम कर दी है जहां कई महीनों के कीमत में आग लगी हुई है। लेकिन इसका असर अप्रैल में देखने को मिलेगा जब सरकार नेचुरल गैस की घरेलू कीमतों में बदलाव करेगी। इंडस्ट्री के जानकारों और एनालिस्ट्स का कहना है कि इसे 2.9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़ाकर 6 से 7 डॉलर किया जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुताबिक गहरे समुद्र से निकलने वाली गैस की कीमत 6.13 डॉलर से बढ़कर करीब 10 डॉलर हो जाएगी। कंपनी अगले महीने कुछ गैस की नीलामी करेगी। उसने इसके लिए फ्लोर प्राइस को क्रूड ऑयल से जोड़ा है जो अभी 14 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू है। देश में घरेलू नेचुरल गैस की कीमतें हर साल अप्रैल और अक्टूबर में तय होती हैं। अप्रैल की कीमत जनवरी से दिसंबर 2021 की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर आधारित होगी। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एके जेना के मुताबिक घरेलू नेचुरल गैस की कीमत में एक डॉलर की तेजी होने पर सीएनजी की कीमत 4.5 रुपये प्रति किलो बढ़ जाएगी।



# सेंसेक्स एक हजार पॉइंट्स टूटकर 57 हजार के नीचे

## पहले मिनट में निवेशकों को 5 लाख करोड़ का घाटा



**मुंबई।** शेयर बाजार में आज भारी गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स एक हजार पॉइंट्स टूटकर 56,727 पर पहुंच गया है। इस वजह से निवेशकों को पहले मिनट में 5 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 252.27 लाख करोड़ रुपए है जो सोमवार को 257.27 लाख करोड़ रुपए था। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर्स गिरावट में हैं। सबसे ज्यादा गिरावट डॉ. रेड्डी के शेयर्स में है जो 3 पर्सेंट नीचे है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 258 अंक नीचे 16,948 पर कारोबार कर रहा है। इसके 50 में से 40 स्टॉक गिरावट में हैं। इससे पहले सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 149 पॉइंट्स गिर कर 57,683 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 69 अंक टूटकर 17,206 पर बंद हुआ। बाजार खुलने के साथ ही करीब 254 शेयरों में तेजी आई लेकिन 1932 शेयरों में गिरावट आई और 48 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। आज बाजार खुलते ही डॉ रेड्डीज लैब्स, एलएंडटी, एशियन पेंट्स, टीसीएस और यूपीएल निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरावट वाले शेयरों में से थे, जबकि केवल ONGC लाभ में दिख रहा था।

### उत्तराखंड में बड़ा हादसा

# 14 चंपावत में वाहन खाई में गिरा बरातियों की मौत

**चंपावत।** उत्तराखंड के चंपावत में सोमवार को एक बड़ी अनहोनी हो गई है। चंपावत जिले के डांडा क्षेत्र में सोमवार रात बरात से लौट रहा एक वाहन खाई में गिरा, जिसमें 11 बरातियों की मौत हो गई। चंपावत से करीब 65 किमी दूर इस स्थान पर एक परिवार में शादी थी। हादसे की सूचना के बाद पुलिस व रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। 14 शवों को खाई से बाहर निकाला गया है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। टनकपुर-चम्पावत हाईवे से जुड़ी सूखीढांग-डांडामीनार रोड पर वाहन दुर्घटना में 16 में से 14 लोगों की मौत हो गई।

# बच्चा गोद लेने के लिए मैरिज सर्टिफिकेट अनिवार्य नहीं

**प्रयागराज।** अब बच्चा गोद लेने के लिए विवाह प्रमाण पत्र (मैरिज सर्टिफिकेट) अनिवार्य नहीं है। इसके साथ ही कोई एकल माता-पिता भी हिंदू दत्तक और रखरखाव अधिनियम, 1960 के तहत बच्चा गोद ले सकते हैं। साथ ही गोद लेने की प्रक्रिया में शादी को रजिस्टर्ड कराने की भी आवश्यकता नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह अहम आदेश सोमवार को एक सुनवाई करते हुए दिया।दरअसल, एक ट्रांसजेंडर ने एक पुरुष के साथ 12 साल पहले शादी की थी। इसके बाद उन्होंने बच्चा गोद लेने का निर्णय लिया। गोद लेने की प्रक्रिया में उन्हें बताया गया कि उन्हें मैरिज सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी। इसके लिए उन्हें हिंदू विवाह अधिनियम का हवाला दिया गया। इस पर दंपती ने दिसंबर 2021 में वाराणसी में हिंदू विवाह के उप रजिस्ट्रार को ऑनलाइन आवेदन किया, लेकिन ट्रांसजेंडर से शादी होने के कारण रजिस्ट्रेशन में दिक्कत हुई। इस पर दोनों ने हाईकोर्ट का रुख किया। वाराणसी में रजिस्ट्रार के यहां किया था आवेदनदंपती ने याचिका में वाराणसी में हिंदू विवाह के उप रजिस्ट्रार को ऑनलाइन आवेदन पर विचार करने और निर्णय लेने के लिए निर्देश देने की मांग की थी। जस्टिस डॉक्टर कौशल जयेंद्र ठाकुर और जस्टिस विवेक वर्मा की खंडपीठ ने सोमवार को एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति और उसके पति की याचिका पर सुनवाई की।

## पत्नी से रेप पर अदालत करने वाली है बड़ा फैसला

# पतियों से छिन जाएगी 150 साल पुरानी कानूनी ढाल

**नई दिल्ली।** पत्नी से रेप के मामले में अदालत देश के क्रिमिनल लॉ में दर्ज 150 साल पुराने प्रावधान पर बड़ा फैसला देने वाली है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यही प्रावधान रेप के आरोपों में पति के लिए कानूनी ढाल बन जाता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को इस बाबत दाखिल की गई विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। हालांकि केंद्र सरकार ने अभी अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। केंद्र ने दलील दी कि उसने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और राष्ट्रीय महिला आयोग को इस मुद्दे पर राय देने के लिए पत्र भेजा है। कोर्ट ने मामले को स्थगित करने से इनकार करते हुए फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। केंद्र ने अदालत से अनुरोध किया कि जब तक सभी पक्षों की राय नहीं मिल जाती, तब तक कार्यवाही स्थगित कर दी जाए। दिल्ली हाई कोर्ट ने मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए केंद्र को और समय देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर की पीठ ने कहा कि चल रही सुनवाई को स्थगित करना संभव नहीं है, क्योंकि केंद्र की परामर्श प्रक्रिया कब पूरी होगी, इस संबंध में कोई निश्चित तारीख नहीं है। केंद्र सरकार हर महिला की स्वतंत्रता और उसके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे बहुत कम मामले होते हैं जब इस तरह के व्यापक परिणाम मिलते हैं। हम सभी पक्षों (सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और अन्य) से विचार-विमर्श के बाद ही हां या ना कह सकेंगे। ऐसे में अदालत इन याचिकाओं पर फैसला स्थगित किया जाए। पीठ ने कहा, तब, हम इसे बंद कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने कहा, 'फैसला सुरक्षित रखा जाता है।' मामले में निर्देश जारी करने के लिए (इसे) दो मार्च के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, विभिन्न पक्षों के वकील अपनी लिखित दलीलें जमा कर सकते हैं। हालांकि केंद्र सरकार को इस विषय पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए अपनी दलील पेश करनी है, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार का रुख राज्यों और अन्य हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद ही सामने आ सकता है।

# राम रहीम को दी गई प्लस सुरक्षा

**हिसार।** फरलो पर जेल से बाहर रह रहे डेरामुखी गुरमीत राम रहीम सिंह को अब प्लस सुरक्षा में रखा जाएगा। इस संबंध में ADG CID की तरफ से रोहतक रेंज कमिश्नर को पत्र लिखा गया था। पत्र में बताया गया है कि उनको गृह मंत्रालय से इनपुट मिले हैं कि राम रहीम को खालिस्तान समर्थित आतंकवादियों से खतरा है और सजा से पहले भी उसको धमकियां मिलती रही हैं। इसी खतरे को देखते हुए गुरमीत राम रहीम की सुरक्षा को कड़ा किया जाना जरूरी है। डेरामुखी गुरमीत राम रहीम 7 फरवरी से फरलो पर है और इस दौरान वह गुरुग्राम स्थित अपने डेरे में परिवार के साथ रह रहा है।

# रिपोर्ट में दावाः कटनी में 471 फीमेल तथा 155 मेल सेक्स वर्कर !

## गैर सरकारी शोध में खुलासा, एड्स पर जागरूकता को लेकर किया गया था सर्वे

**कटनी।** कटनी में सेक्स वर्कर के रूप में कोई महिला या पुरूष होगा। यह सवाल सुनकर आप जरूर ही सोचने लगेंगे। बड़े शहरों की तर्ज पर सेक्स वर्कर के रूप में काम करने वाले ये लोग आखिर कौन हैं? कहां हैं अब यह प्रश्न भी मन में उठना लातिमी है। दरअसल यह खबर गत दिवस मीडिया की सुर्खिया बनीं जब एक गैर सरकारी शोध में यह खुलासा हुआ। इसकी रिपोर्ट जारी की गई जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के बदनाम बाजार में कितने लोग काम कर रहे हैं इनकी संख्या का दावा किया गया।



### महिला के साथ पुरूष गे भी शामिल

कटनी जिले में 471 फीमेल (महिला) सेक्स वर्कर हैं जबकि 155 मेल पुरूष सेक्स वर्कर हैं । एक गैर सरकारी संगठन के शोध में जो खुलासे हुए हैं वह चिंतनीय हैं। शोध से पता चला है कि इंदौर में प्रदेश भर में सबसे ज्यादा वुमन सेक्स वर्कर हैं। साथ ही इंदौर में एड्स का खतरा भी सबसे ज्यादा है। आंकड़े में प्रदेश के अलग-अलग जिलों की स्थिति सामने आई है।

### प्रदेश में हाई रिस्क ग्रुप के 55 हजार लोग

सोसाइटी प्रदेश में हाई रिस्क ग्रुप के 55 हजार लोगों में एचआईव्ही यौन रोग और एड्स की रोकथाम के लिए गैर सरकारी संस्थाओं के जरिए काम कर रही है। सोसाइटी हाई रिस्क कैटेगरी वाले लोगों को जागरूक करती है। HIV स्क्रीनिंग कराने का काम भी करती है। जिनमें HIV की पुष्टि होती है, उनका इलाज कराया जाता है। एचआईव्ही पॉजिटिव पेशेंट्स के सेक्स पार्टनर और बच्चों की भी एचआईव्ही स्क्रीनिंग कराई जाती है, ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके।

### आपसी सहमति से संबंध

रिपोर्ट के मुताबिक, जो मेल एक-दूसरे से संबंध बनाते हैं, उन्हें रिसर्च की भाषा में Men who have Sex with Men कहा जाता है। इनमें अधिकांश आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं। कई तो ऐसे हैं, जिनके बच्चे और भरा-पूरा परिवार भी है।

### समाज में सेक्स जैसे मुद्दे पर बात नहीं होती

एड्स कंट्रोल प्रोग्राम से जुड़े गैर सरकारी संगठन के वॉलंटियर ने बताया कि आमतौर पर हमारे समाज में सेक्स जैसे मुद्दे पर बात नहीं होती। फिर सेक्स वर्कर्स या एक से अधिक सेक्स पार्टनर वाले लोगों की जानकारी जुटाना चुनौती भरा काम होता है। इसके लिए स्टेक होल्डर्स की मदद ली जाती है। स्टेक होल्डर्स में ऐसे लोगों से संपर्क बढ़ाया जाता है जो गांव, मोहल्ले में लोगों की जानकारी रखते हैं। कई बार छोटे किराना, जनरल स्टोर, सैलून ऑनर ऐसे लोगों की जानकारी देने में अहम भूमिका निभाते हैं। फिर एक से अधिक पार्टनर वाले व्यक्ति से मुलाकात कर उसकी काउंसिलिंग की जाती है। कई बार मिलने पर ही वह अपनी निजी जिंदगी के बारे में जानकारी शेयर करते हैं, फिर उन्हें HIV स्क्रीनिंग के लिए तैयार किया जाता है। एक एरिया में काम कर रही संस्था अपने क्षेत्र में सेक्स वर्कर, ब्ब्ङ्ग की लिस्ट तैयार करती है। इससे उनकी HIV स्क्रीनिंग और फॉलोअप किया जाता है।

---

### मध्यप्रदेश के दस जिलों में होगा विशेष पथ निर्माण

# कटनी से होकर राम वन गमन पथ बनाने का रास्ता साफ, एक दशक से अटका था मामला




**कटनी।** भगवान श्रीराम के चरण कमल जहां-जहां पड़े थे, वहां-वहां राम वन गमन पथ बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पिछले एक दशक से इस पथ के निर्माण की बात हो रही है लेकिन हमेशा अवरोध के कारण मामला अटक जाता था। कटनी से होकर मध्यप्रदेश में भगवान श्रीराम के चरण कमल जहां-जहां पड़े थे, वहां-वहां राम वन गमन पथ बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने राम वन गमन पथ के निर्माण का दायित्व संस्कृति विभाग के अंतर्गत गठित आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, भोपाल को सौंप दिया है। गौरतलब है पिछले एक दशक से इस पथ के निर्माण की बात की जा रही है लेकिन किसी न किसी अवरोध के कारण मामला अटक जाता था। इसके लिए अनेक सर्वे एवं अध्ययन किये जा चुके हैं। सर्वे में मध्यप्रदेश के दस जिलों सतना, विदिशा, होशंगाबाद, जबलपुर, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, पन्ना, उमरिया एवं रीवा का चयन राम वन गमन पथ का निर्धारण किया गया था। कटनी जिले के कैमोर की पहाड़ी से होकर यह मार्ग पहाड़ी रास्ते से मैहर से मिलता है। चित्रकूट में भगवान श्रीराम के दुर्लभ प्रमाण हैं यहां से कटनी के झुकेही कैमोर होकर यह मार्ग छत्तीसगढ़ गया। आपको बता दें चित्रकूट में राम को मनाने के लिए भरत अपनी सेना के साथ पहुंचे थे. यहीं से वह राम की चरण पादुका लेकर लौटे। यहां भगवान श्रीराम,पत्नी सीताजी और अनुज लक्ष्मण के साथ साढ़े ग्यारह साल रहे। इसके बाद सतना, पन्ना, शहडोल, जबलपुर, कटनी, अनूपपुर, रीवा आदि के वन क्षेत्रों से होते हुए वह दंडकारण्य चले गये।

### अयोध्या से शुरू होता है मार्ग

यह मार्ग उप्र के अयोध्या से चित्रकूट और इसके बाद मप्र के अंदर होना पाया गया है तथा इसका समापन छत्तीसगढ़ के कोरिया में होता है। इसलिये सिर्फ मध्यप्रदेश सरकार सिर्फ राज्य के अंदर वाले क्षेत्र में इस मार्ग का निर्माण करेगा। पहले धार्मिक न्यास विभाग ने राम वन गमन पथ के निर्माण का कार्य एमपीआरडीसी को दिए थे। इसके लिए 50 लाख रुपये दिया गया था। एमपीआरडीसी ने डीपीआर बनाने के लिये ख्यात कंपनियों को टेण्डर भी जारी कर दिये थे,किन्तु जब पता चला कि करीब 14 सौ किमी के इस मार्ग के बीच आने वाले धार्मिक स्थलों पर भी यातायात,पार्किंग,चौड़े मार्ग,धर्मालुओं के ठहरने की सुविधा आदि भी विकसित की जाना है तथा इसके लिये संबंधित जिलों की विकास योजनाओं में बदलाव करने होंगे, तब उसने टेण्डर निरस्त कर दिया गया.

---

## सायना किड्स में रेड ग्रेवी और व्हाइट ग्रेवी बनाने के मिले टिप्स






कटनी। भारत में विभिन्न शहरों के ताज ओबेरॉय जैसे बड़े बड़े होटलों में पिछले 29 वर्षो से लजीज व्यंजन बनाकर लोगों का दिल जीतने वाले मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले मशहूर शेफ कौशिक ने कटनी के सायना किड्स स्कूल में 4 दिवसीय मास्टर क्लासेस के दूसरे दिन लगभग 100 महिलाओं पुरूषों लोगों को लजीज व्यंजन बनाने के टिप्स प्रशिक्षण के दौरान दिए आने वाले तीन दिनों में ग्रेवी से बनने वाले फूड सहित अन्य व्यंजनों को बनाना सिखाया जाएगा मशहूर शेफ कौशिक के साथ उनके सहयोगी शेफ विक्रम रावत, शेफ अमित सरकार ने भी सहयोग किया। आज रेड ग्रेवी और व्हाइट ग्रेवी बनान सिखाया गया।

## साहू समाज की कार्यकारिणी गठित

**कटनी।** नगर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें संरक्षक लक्ष्मण प्रसाद साहू, विष्णु साहू, व्ही.पी. साहू, अध्यक्ष बसंत साहू, उपाध्यक्ष भोला साहू, शिवकुमार साहू (घस्सू), लखन साहू, सुरेश साहू लखेरा, दुलीचंद साहू, पुरूषोत्तम साहू, कैलाश साहू, सचिव सतीश साहू, संयुक्त सचिव जगदीश साहू, नर्मदा प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष विशाली राम साहू, संयोजक राधेश्याम गुप्ता (मुन्ना साहू) साक्षी गोपाल साहू, मीडिया प्रभारी लखन लाल साहू चाका, अमित साहू पी.डब्ल्यू.डी. कार्यकारिणी सदस्यों में धन्नालाल साहू, किशोर साहू, जयहिंद साहू, सुनील कुमार साहू, रमेश साहू चाका, कैलाश साहू पुरैनी, ईश्वर साहू, अशोक साहू मंगलनगर, रामकुमार ठेकेदार, सोहन साहू, हरप्रसाद साहू झिंझरी, रमेश साहू दुगाड़ी, गुड्डू साहू मंगलनगर, विजय साहू, मुन्ना साहू गायत्री नगर, सुरेश साहू, अनिल साहू, सुशील साहू, गौरीशंकर साहू, अवसरलाल साहू, संतोषीलाल साहू, मुकेश साहू, केशव साहू, कैशव साहू सब्जी मंडी आदि को शामिल किया गया है।

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
VALIMAI
(हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

# शिक्षा के साथ संस्कार सीख रहे बच्चे

## माधवनगर का हरे माधव रुहानी बाल संस्कार केन्द्र बना प्रदेश के लिए उदाहरण







**कटनी।** हरे माधव रुहानी बाल संस्कार कटनी जिले ही नही बच्चों को संस्कारित करने में प्रदेश के लिए भी उदाहरण बना है। माधवनगर में यह संस्कार केन्द्र संचालित हो रहा है। सतगुरु बाबा माधवशाह साहिब जी, समरथ सतगुरु बाब नारायणशाह साहिब जी बाल गोपालों से अति स्नेह प्रेम करते और जीव जगत को सोझी देने वास्ते बाल-गोपालों से एकांकी नाटकों के द्वारा अनेक रुहानी कौतुक लीलाऐं रचते, अब जो चेते सो तर गए, आज वही प्रगट एकस की ज्योत, हाजिरां हुजूर सतगुरु सांई ईश्वरशाह भी बाल गोपालों के संग स्नेह प्रीत से अनन्त मौज लीला के कौतुक कर, उन्हें ऊँची सीख बक्शते। सो आपजी ने अपने पावन कर कमलों से हरे माधव रुहानी बाल संस्कार क शुभारंभ, दिनांक 15 फरवरी 2009, हरे माधव भवन में किया। हरे माधव रुहानी बाल संस्कार की कक्षा प्रत्येक रविवार को संचालित होती है, जिसमें लगभग 1300 बालक-बालिकाएं निःशुल्क शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण करते हैं। ईश्वर शाह जी सानिध्य से ही आज हरे माधव रुहानी बाल संस्कार में सभी जाति, धर्म एवं वर्गों के बालक-बालिकाएं, नित्य नियम से अनुशासन, बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ परमार्थ और रुहानियत के उच्च संस्कारों को भी ग्रहण करते हैं। हरे माधव रुहानी बाल संस्कार में 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बालक- बालिकाएं ही प्रवेश ले सकते हैं। किसी भी जाति, धर्म, समाज एवं वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। आपजी की श्री आज्ञ से शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रत्येक रविवार की कक्षा में शिष्टाचार, प्रेरक- प्रसंग, योगा, खेल-कूद, हैंड क्राफ्ट, भजन-गायन, नाटक एवं एकांकी, देश- विदेश के प्रेरणादायक-ज्ञानवर्धक समाचार एवं नित्य नई खोज, अविष्कारों की आवश्यक जानकारियों के साथ अनुशासन, सदाचार एवं कम्प्यूटर के माध्यम से अनेक मनोरंजक एवं प्रेरणादायी कहानियों के साथ-साथ सेवा, सत्संग, सिमरन-ध्यान और परमार्थ के महत्व की समझाइश के माध्यम से उन्हें संस्कारित किया जाता है।

## विजयराघवगढ़ बरही मार्ग पर नहीं लगेगा टोल टैक्स, विधायक संजय पाठक की पहल रंग लाई



**कटनी।** कटनी जिले में एक प्रमुख मार्ग पर चलने वाले चार पहिया वाहन चालकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है, मध्यप्रदेश सरकार ने निजी वाहन चालकों को बड़ी सौगात दी है, अब उन्हें अपने चार पहिया वाहन से मध्यप्रदेश के 17 मुख्य मार्गों से गुजरने के दौरान एक रुपए भी टोल टैक्स नहीं देना पड़ेगा, इसमें विजयराघवगढ़ से बरही मार्ग भी शामिल है। आपको बता दें कि यहां टोल टेक्स की छूट को लेकर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। इससे लोगों को पैसे की तो काफी बचत होगी ही सही, वहीं दूसरी और जो लोग चार पहिया वाहनों के महंगे खर्च की वजह से कारें खरीदनें से पीछे रह जाते थे, वे लोग भी अब चार पहिया वाहनों का लुत्फ ले सकेंगे, क्योंकि उन्हें अधिकतर टोल टैक्स पर टैक्स नहीं चुकाना पड़ेगा। कैबिनेट में लिए गए निर्णय के अनुसार विजयराघवगढ़-बरही, पन्ना-अजयगढ़ मार्ग, मोहनपुरा-बेहुट मऊ, आष्टा-कन्नौद, महुआ-चुवाही, शाजापुर-दुपाड़ा-पिलवास नलखेड़ा मार्ग, परसोना-महुआ-बरखा, कटनी विजयराघवगढ़-बरही, हरदुआ चकघाट मार्ग, तिलवारी-गोटेगांव मार्ग, उज्जैन-मक्सी, मुरार-चितौरा, रीवा सेमरिया, डबरा - भितरवार-हरसी मार्ग, खिटकिया-बीनागंज, बदनावर थांदला व नसरुल्लागंज-खातेगांव मार्ग के टोल नाकों पर आम लोगों को 1 अप्रैल से छूट रहेगी

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक 506 /खनिज/उ0प0/ 2022, कटनी, दिनांक 14.02.2022

**//सूचना//**

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 -क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक **प्रताप इन्फास्ट्रक्चर्स, प्रोप्राईटर. विशाल सिंह परिहार आत्मज श्री अजय सिंह परिहार, निवासी दिवानपारा, सिनेमा लाईन, राजनांदगांव (छ.ग.)** के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13.01.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा (हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | मुड़वारा | भटगवां सुनहरा | 385/1 | 2.00 | अन्य भूमिस्वामी की भूमि की सहमति | डोलोमाईट | |
| | | | 385/3 | 4.680 | | | |
| | | | 457/1 | 2.050 | | | |
| | | | 459/1 | 2.680 | | | |
| | | | योग- | 11.410 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-22880/22


प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 2 दिन
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से




बधाई दो
कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 2 दिन




रोजाना 3 शो ता. 18 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से
UNCHARTED
(हिन्दी में)
कलाकार- टॉम होलेंड, सोफिया टेलर, एनटोनियो, ब्रायन क्रेस्टन आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से 12,4, 6 एवं रात्रि 10 बजे से




VALIMAI (हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से 1,3, 7 एवं रात्रि 9 बजे से




गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
Tickets Available on Book My Show

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 22 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कितनी राशि से हो रहा अतिरिक्त कक्ष निर्माण

## दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा एवं गोदाना मामले के डेढ़ महीने बाद जानकारी मांगने को लेकर उठ रहे सवाल

**कटनी/रीठी।** रीठी विकासखंड के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण के मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीठी द्वारा एक पत्र जारी करते हुए दो स्कूलों एवं एक छात्रावास से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी मांगी गई है। पत्र में जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रदान की गई राशि के साथ ही अब तक किए गए खर्च एवं राशि भुगतान के बिलों की भी जानकारी देने के लिए कहा गया है। रीठी बीईओ द्वारा यह पत्र पिछले दिनों समाचार पत्रों में शिकायतों के आधार पर प्रकाशित खबरों को लेकर जारी किया गया है। एक तरफ जिले में बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही है और अधीनस्थ अमला बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन में जुटा हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ बीईओ द्वारा केवल दो स्कूलों एवं एक छात्रावास से अतिरिक्त कक्ष निर्माण के संबंध में जानकारी देने का आदेश समझ से परे है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ग्राम पंचायत गोदाना में भ्रष्टाचार का एक मामला सामने आया था। इस मामले में एक प्रधान अध्यापक एवं जनशिक्षक पर कार्यवाई की गई थी। इस मामले की जांच रीठी बीईओ द्वारा ही की गई थी और कार्यवाही प्रस्तावित की गई थी। गोदाना में हुए भ्रष्टाचार के इस मामले में न तो पालक शिक्षक संघ के बयान दर्ज किए गए और न ही जिस व्यापारी से निर्माण सामग्री ली गई, उससे बातचीत की गई। एकतरफा कार्यवाही को लेकर पहले ही बीईओ की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग चुका है लेकिन सवाल यह उठता है कि भ्रष्टाचार के इस मामले में एक अन्य शिक्षक पर कार्यवाही नहीं किया जाना बीईओ के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगा रहा है। सूत्रों के मुताबिक उक्त शिक्षक के साथ ही उसकी पत्नी और बच्चों के बैंक खाते में भी शासकीय राशि जमा कराई गई थी परंतु बीईओ ने इस पूरे तथ्य को नजरअंदाज करते हुए एकतरफा जांच प्रतिवेदन तैयार किया। अब जब इस मामले को एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, तब अतिरिक्त कक्ष निर्माण को लेकर दो स्कूलों और एक छात्रावास को पत्र जारी करते हुए जानकारी मांगना बीईओ की मंशा पर और उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करना चाहिए।

**बीईओ ने दो स्कूलों और एक हॉस्टल से मांगी जानकारी**

### ये जानकारी मांगी रीठी बीईओ ने

बीईओ द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला तिघराकला के प्रधानाध्यपक, शासकीय माध्यमिक शाला शांतिनगर बड़गांव के प्रधानाध्यपक एवं बालिका छात्रावास बड़गांव की वार्डन को जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि सत्र 2020-21 में दर्ज छात्र संख्या, अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत होने के पहले कक्षा अध्यापन के कक्षों की संख्या, अतिरिक्त कक्ष निर्माण की राशि निकालने का शाला प्रबंधन समिति के प्रस्ताव की प्रति, अतिरिक्त कक्ष निर्माण की राशि का भुगतान किस किसको किया गया। चैक क्रमांक, नाम, जारी दिनांक और जारी राशि सहित पासबुक की छायाप्रति, राशि भुगतान के बिलों की छायाप्रति, कितनी राशि प्राप्त हुई एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण किस स्तर तक हो गया, उसकी जानकारी देने के लिए कहा गया है। इस मामले में बीईओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन वे परीक्षा ड्यूटी में तैनात रहे।



# रेलवे में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से हो रही मॉनीटरिंग

## यार्ड डिटेक्शन सुविधा के लिए स्मार्ट यार्ड कॉन्सेप्ट लागू

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल पर रोलिंग स्टॉक की निगरानी के लिए अपने रखरखाव प्रणालियों में स्वचालन ऑटोमेशन और उच्च तकनीक को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसका उद्देश्य किसी भी विफलता से पहले रोलिंग स्टॉक वैगनों, इंजनों एवं कोचेस में दोषों, कमियों को मशीन की सहायता से स्वचालित पहचान की जा रही है। इससे रोलिंग स्टॉक के रखरखाव प्रणाली में विश्वसनीयता बढ़ रही है। ऑनलाइन निगरानी से रोलिंग स्टॉक की संरक्षा और गति में भी वृद्धि हो रही है। पश्चिम मध्य रेलवे में रोलिंग स्टॉक सिस्टम ओएमआरएस की ऑनलाइन निगरानी को अपनाया जा रहा है। ऑनलाइन मोनेटरिंग रोलिंग स्टॉक सिस्टम एक पूर्वानुमानित वे-साइड निरीक्षण प्रणाली है, जिसमें रोलिंग के बियरिंग और पहियों में दोषों का पता लगाने के लिए एकॉस्टिक बेयरिंग डिटेक्टर एबीडी और व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर डब्लूआईएलडी व्हील कंडीशन मोनिटरिंग डब्लूसीएम प्रणालियां शामिल हैं। यह दोषपूर्ण पहियों और बियरिंग्स का पता लगाने और विफल होने से पहले उन्हें पकड़ने के लिए एक स्वचालित प्रणाली है, जिसके परिणाम स्वरूप कोचों, वैगनों और इंजनों का कुशल उपयोग होता है। इसके उपयोग में आने के बाद सेक्शन में चलने वाली मालगाडियों के बियरिंग तथा पहियों में यदि कोई खराबी आती है तो यह सिस्टम इस खराबी की सूचना अलार्म एवं एसएमएस के माध्यम से कंट्रोल आफिस में तुरंत सूचना देता है, फलस्वरूप कैरेज एंड वैगन स्टाफ द्वारा अगले स्टेशन में खराबी जानने हेतु परीक्षण किया जाता है। जिससे त्वरित कार्यवाही होना सुनिश्चित होता है।

**कटनी-सिंगरौली एवं कटनी-बीना रेलखंड पर हो रहा उपयोग**

### ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम की स्थापना

न्यू कटनी जंक्शन-सिंगरौली रेलखंड पर खन्ना बंजारी एवं पिपरियाकलां रेलवे स्टेशनों के बीच ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम ओएमएस की स्थापना की गई है। व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर डब्लूआईएलडी व्हील कंडीशन मॉनिटर डब्लूसीएम सिस्टम रोलिंग स्टॉक में पहियों पर सपाट सतह की पहचान करने के लिए पटरियों पर पहियों के प्रभाव को मापता है। यह प्रणाली पहिया प्रभावों को मापने के लिए एक्सेलेरोमीटर डिवाइस पर आधारित है। वाईल्ड उपकरणों को कटनी मुड़वारा-बीना रेलखंड पर दमोह एवं करहिया भदौली के मध्य स्थापित किया गया है।

### हॉट बॉक्स डिटेक्टर एचबीडी प्रतिस्थापित

पमरे में रेलखंड पर हॉट बॉक्स डिटेकटर एचबीडी प्रतिस्थापित किए गए हैं। जिससे वैगनों के हॉट एक्शल से संबंधित कार्य को देखा जाता है। जब ट्रेनें गुजरती है, तब एचबीडी का मुख्यतः कार्य वैगनों के दोनों तरफ़ प्रत्येक एक्शल के तापमान की जांच करना है। ये स्वचालित होते हैं। जिससे वैगनों के एक्शल के तापमान की जानकारी एसएमएस द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल पर मिल जाती है तथा किसी असामान्य तापमान पर तुरंत कार्यवाही एवं संरक्षा में बढ़ोत्तरी होती है। पश्चिम मध्य रेल में रोलिंग स्टॉक ओएमआरएस, डब्लूआईएलडी एवं एचबीडी के उपयोग करने से तीनों मण्डलों के मुख्य रेलखण्डों में स्मार्ट डिवाइस आधारित यार्ड डिटेक्शन सुविधा के लिए तैयार की गई है और स्मार्ट यार्ड का कॉन्सेप्ट लागू किया गया है।



# पेयजल संकट से जूझ रहे वाशिंदे दो वार्डों में पीने के पानी का संकट

विजयराघवगढ़। ग्राम पंचायत कारीतलाई के बरातीताल मुहल्ले वार्ड क्रमांक 1 व 2 में हरिजन आदिवासी ठंड के दिनों में भी पेयजल संकट से जूझ रहे है। जनपद पंचायत की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत के नागरिक पेयजल संकट का दंश झेल रहे हैं। प्रशासन द्वारा जहां पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ बनाने हेतु करोड़ों की लागत से पेयजल टंकियों का निर्माण कराकर पीने के पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, इसके बावजूद ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्राम के निवासी मथुरा प्रसाद आदिवासी, अवधेश गोटिया, गनपत, रामू, उमेश, अनीता बाई, गजेंद्र कुमार ने बताया की प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत दो-दो पेयजल टंकियों का निर्माण कराया जा चुका है। वार्ड में हैंडपंप होने के बाद उससे पानी नहीं निकलता। ग्राम में पेयजल समस्या से हरिजन आदिवासी विगत वर्षों से जूझ रहे हैं, क्षेत्र के लोगों ने गर्मी शुरू होने के पहले पेयजल की सुविधा प्रदान कराने की मांग की है।

### डॉ मीनाक्षी पांडे का एमबीबीएस एमएस ऑल इंडिया काउंसलिंग में चयन

**कटनी।** पूज्य गुरुदेव देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की कृपा से संतोष पांडे, शशि पांडे की बेटी डॉ मीनाक्षी पांडे ने नीट पी जी एग्जामिनेशन में सफलता हासिल की है। पांडुचेरी स्थित विनायक मिशन रिसर्च फाउंडेशन के नेशनल कॉलेज में उनका स्त्री रोग एवं प्रसूति में चयन हुआ है। मीनाक्षी पांडे ने नीट पीजी में सीट प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अंकों के आधार में डॉ मीनाक्षी ने ऑल इंडिया में रैंक हासिल की है। डॉ मीनाक्षी के मेडिकल कालेज पांडुचेरी में चयन से परिजनों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उनके घर एव परिजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों के यहां खुशी का माहौल है।



# राजा सरयू प्रसाद के बलिदान को किया याद

## विजयराघवगढ़ में मनाई गई अमर शहीद की जन्म जयंती





**विजयराघवगढ़।** अमर शहीद राजा सरयू प्रसाद सिंह की 182वी जयंती पर मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थितजनों द्वारा उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। मंच संचालन सोमनाथ मिश्रा ने करते हुए बेनीसिह हुजूरी से लेकर शहीद राजा सरजू प्रसाद सिंह तक के संक्षिप्त इतिहास पर प्रकाश डाला। एडव्होकेट एस डेनियल, श्यामलाल नामदेव, जयवंत सिंह चौहान, यशेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आर पी तिवारी ने शहीद राजा सरयू प्रसाद सिंह की जीवनी की जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजक श्रीमति शारदा सिंह, उदयभानू सिंह रहे। इस अवसर पर शिवदत्त उरमलिया, विकास पाड़े, अरविन्द बड़गैया, दिनेश प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, देवेन्द्रधर बड़गैया, भीम बहादुर, मोहनलाल तिवारी, मनोज तिवारी, मो हासिम, कैलाश शर्मा, अरुण मिश्रा, पत्रकार जागेश्वर मिश्रा, विनय मोहन त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, प्रमोद गुप्ता, नूर मोहम्मद, गुल मोहम्मद, श्रवण त्रिपाठी, रामभगत तिवारी, रवि सिंह, रत्नेश सिंह परिहार, शुभम सिंह, शनि सिंह, अभिजीत सिंह, वायुनन्दन सिंह, सुरजीत सिंह, मो लईक, अभिनव सिंह, मुन्नू गुप्ता, दिनेश गुप्ता की उपस्थिति रही।

# सिंदूरसी की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला

## तेवरी की टीम को हराकर बनी विजेता, विजेता एवं उपविजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

**कटनी।** ग्राम सिंदूरसी में विगत दिनों से चल रहे टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। फाइनल मैच के उपरांत विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच सिंदूरसी एवं तेवरी के बीच खेला गया, जिसमें सिंदूरसी ने शानदार जीत हासिल की और विजेता टीम बनी। यह आयोजन सुंदरसी क्रिकेट क्लब द्वारा किया गया, जिसमें आयोजन में मुख्य रूप से तेज सिंह, पप्पू पटेल, राकेश बर्मन, सचिन पटेल, रवि पटेल, शेखर चक्रवर्ती, सुनील वंशकार, दुर्गेश चौधरी, सुशील वंशकार की क्रिकेट टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण भूमिका रही। फाइनल मैच के समापन समारोह में अतिथि के रूप में राजेश रजक, लक्ष्मी पटेल, पुरेंद्र पटेल, संजय पटेल, रामेश पटेल, रामकुमार पटेल, अजय सिंह राठौर, जागेश्वर पटेल, लाल सिंह पटेल, सुरेश पटेल, बालकिशन पटेल, अमर सिंह राजपूत, प्रकाश चौधरी, मलखान पटेल, विनोद बर्मन, काशीराम पटेल, सुनील दुबे, जहान सिंह, राकेश पटेल, मोंटी पांडे, दया पटेल, देव सिंह, किशु पटेल की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कार वितरण किए गए। टूर्नामेंट में सिंदूरसी, तेवरी, स्लीमनाबाद, छपरा सहित कटनी और आसपास की टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



# विजयराघवगढ़ महोत्सव का 3 दिवसीय आयोजन आज से

## पहले दिन होगी लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति

**कटनी।** अमर शहीद राजा सरयू प्रसाद की स्मृति में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विजयराघवगढ़ महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किला प्रांगण में आज से शुरू हो रहा है। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की मंशानुसार मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में अमर शहीद राजा सरयू प्रसाद की स्मृति में विजयराघवगढ़ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। विजयराघवगढ़ महोत्सव के अंतर्गत आज सायं 7 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इसी क्रम में कल 23 फरवरी को सायं 7 बजे से देश के सुप्रसिद्ध कवियों की गरिमामयी उपस्थिति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में सुनील समैया, प्रो. यशपाल यश फिरोजाबाद, लक्ष्मण नेपाली मुम्बई, किरण गोंदिया, नरेन्द्र अटल, डॉ. अखिल आनंद, अपूर्वा चतुर्वेदी, अमित शुक्ला, विजयराघवगढ़ की कवियत्री प्रियंका मिश्रा एवं अजय त्रिपाठी द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन 24 फरवरी को फिल्मी देशभक्ति गीतों के साथ आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम एवं बॉलीवुड के जूनियर आर्टिस्ट जूनियर जॉनी लीवर एवं जूनियर शशि कपूर द्वारा मिमिक्री की जाएगी। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने समस्त क्षेत्रवासियों से देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों की शहादत देने वाले रणबांकुरों की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।



**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340



# इस बार मनोकामना योग में मनेगा महाशिवरात्रि का पर्व

**कटनी।** महाशिवरात्रि का पर्व इस बार एक मार्च को मनाया जाएगा। शहर के शिवमंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों में साफ सफाई के साथ ही रंग रोंगन और साज सज्जा की जा रही है। हर साल की तरह इस वर्ष भी शिव बारात धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा पूरे उत्साह के साथ की जाती है। मंदिरों में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजा अर्चना के साथ ही आरती एवं प्रसाद का वितरण किया जाता है। महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार मनोकोमना योग बन रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ती है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। सालों से चली आ रही परंपरा का इस बार भी निर्वहन किया जाएगा। महाशिवरात्रि के दिन व्रत का संकल्प करके पूजा घर में शिवलिंग और मां पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें। श्रद्धा-भाव से पूजा करें। पूजा में पंचामृत, मोली, रोली, कुमकुम, फल, फूल, पंचगव्य, सुपारी, बेल-पत्र आदि अर्पित करें। शिवाष्टक, महामृत्युंजय मंत्र और रुद्राष्टक का पाठ करें। भगवान शिव की पूजा में गंगा जल और धतूरे का विशेष महत्व है। इसके अलावा सुगंधित पुष्प, पंच फल पंच मेवा, पंच रस, इत्र, गंध रोली, मौली जनेऊ, पंच मिष्ठान्न, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, बेर, आम्र मंजरी, जौ की बालें, तुलसी दल, मंदार पुष्प, गाय का कच्चा दूध, ईख का रस, कपूर, धूप, दीप, रूई, मलयागिरी, चंदन, शिव व मां पार्वती की श्रृंगार की सामग्री, वस्त्राभूषण रत्न सोना, चांदी, दक्षिणा, पूजा के बर्तन, कुशासन, दही, शुद्ध देशी घी, शहद जरूर शामिल करें।

**मंदिरों में उमड़ेगी शिवभक्तों की भीड़, शहर में धूमधाम से निकलेगी शिव बारात**

### पांच राशि वालों को होगा फायदा

महाशिवरात्रि के पर्व पर पांच राशि वाले बेहद किस्मत वाले रहेंगे। इन पर भगवान शिवजी की विशेष कृपा रहेगी। भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से सभी मनोकामना पूरी होंगी। महाशिवरात्रि पर यूं तो दिनभर भगवान भोले की पूजा-अर्चना की जा सकती है लेकिन रात्रि में पूजा का विशेष महत्व है। शिवरात्रि पूजा रात में एक या चार बार की जा सकती है। पूरी रात की अवधि को चार प्रहरों में बांटा गया है।

**मेष राशि :** मेष राशिवालों के लिए महाशिवरात्रि का दिन खास रहेगा। मनोकामना पूरी होने के योग बनेंगे। करियर से संबंधित कोई शुभ समाचार मिल सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। परिवार में सुख शांति पूर्ण माहौल रहेगा।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों को धन की प्राप्ति हो सकती है। नजदीकी संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर घी और शमी के पत्ते चढ़ाने से लाभ होगा।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशिवालों के लिए महाशिवरात्रि का त्योहार खुशियां लेकर आएगा। इस दिन शुभ समाचार मिल सकता है। किसी शुभचिंतक की प्रेरणा और आशीर्वाद शुभ साबित होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों को अच्छा खबर प्राप्त होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कुछ नए संपर्क स्त्रोत बनेंगे, जो आगे फायदेमंद रहेंगे। भगवान शिवजी की कृपा पाने के लिए दूध में घी और केसर मिलाकर शिवलिंग को अर्पित करें।

**कर्क राशि :** कर्क राशिवालों को महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कष्टों से मुक्ति मिलेगी। अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। किसी पुराने निवेश से बहुत अधिक मुनाफा होगा। लोग आपके प्रति आकर्षित होंगे।

### बग्घा बाबा की तलैया में भरेगा मेला

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर संस्थापक स्व. भगवानदास नाकरा बग्घा बाबा के आशीवार्द से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 38वां विराट मेला, अभिषेक पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन 1 मार्च मंगलवार को बग्घा बाबा की तलैया खिरहनी में किया गया है। जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया जाएगा, इसके बाद दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। समस्त नाकरा परिवार एवं नागेश्वर धाम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



### कल पहरूआ आश्रम में धूमधाम से मनाई जाएगी संत गाडगे की जयंती

**कटनी।** समस्त रजक समाज विकास समिति के तत्वाधान में संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की 146वी जयन्ती संत गाडगे आश्रम पहरुआ गल्ला मंडी के पीछे 23 फरवरी को मनाई जायेगी। समारोह में दीप प्रज्जवलित, पूजा अर्चना, कीर्तन भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नागरिकों, प्रबुद्ध वर्गों समाजसेवियों का स्वागत सम्मान छात्र-छात्राओं का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, भण्डारा प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। आयोजन समिति ने रजक समाज के नागरिकों से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

Dr
**सी. आर. एम.**
**डे केयर क्लीनिक**
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने,
कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ बूथ की पूरी जानकारी पहुंची भोपाल, 51 फीसदी वोट जुटाने की कवायद में भाजपा

**भाजपा संगठन ने प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ाने की कवायद के बीच हर बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ ही उसके तहत पदस्थ अमले का भी पूरा ब्यौरा जुटाने का काम शुरू किया है। इसकी वजह से अब बूथ संबंधित पूरी जानकारी संगठन के पास रहेगी। दरअसल प्रदेश में इन दिनों भाजपा का जनाधार बढ़ाने का अभियान चल रहा है। पिछले दिनों चलाये गए बूथ विस्तारक अभियान का डाटा भोपाल पहुंच चुका है। दरअसल भाजपा की कोशिश है कि आगामी विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश में पार्टी का वोट बैंक 51 फीसदी हो जाए। अपनी इसी मंशा के तहत पार्टी ने बूथों पर फोकस किया है, फिलहाल पूरी पार्टी समर्पणनिधि संग्रह अभियान में जुटी है। इसमें भी बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से राशि ली जा रही है।**

बताया जा रहा है कि भाजपा संगठन पार्टी के मतों में दस फीसदी यानि की उसे 51 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसे अगले साल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव से बूथ स्तर पर तैनात सरकारी अमले का डाटा भी जुटाया जा रहा है। इसमें कोटवार, ग्राम रोजगार सहायक, एएनएम, पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका आदि शामिल हैं। इन सभी की चुनाव के समय बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने सभी कर्मचारियों के नाम, नंबर और एड्रेस आदि का डाटा बैंक बनाया है। दरअसल पार्टी द्वारा कुछ दिनों पहले बूथ विस्तारक अभियान के तहत अपने सभी छोटे बड़े कार्यकर्ताओं के नाम लिस्टिंग किये गए हैं बड़े नेताओं को हर बूथ पर वोट शेयर बढ़ाने के लिए 10 दिन में 100 घंटे का समय देने को कहा गया था। ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को संगठन की ओर से जानकारी एकत्र करने के लिए बिंदुवार जो फॉर्मेट भेजा गया उसके माध्यम से बूथ स्तर पर तैनात होने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा जुटा लिया गया है। पिछले चुनावों के नतीजों से मिले सबक के बाद भाजपा ने अभी से अपनी चुनावी रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है।

### बीते चुनाव परिणामों से लिया सबक

संगठन द्वारा मुख्यमंत्री, मंत्री, केन्द्रीयमंत्री, पार्टी पदाधिकारी से लेकर संगठन के नेताओं को भी इस अभियान के तहत बूथों पर जाकर जनाधार बढ़ाने में लगाया गया था। इसकी मुख्य वजह है कि बीते विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए परिणाम अपेक्षा अनुरूप नहीं आना। चुनावी परिणाम आने के बाद पार्टी कुछ सीटों की कमी की वजह से सरकार बनाने में असफल रह गई थी। जिसकी वजह से उसका सरकार बनाने का सपना टूट गया था। यही वजह है कि पार्टी ने इससे सबक लेते हुए सत्ता-संगठन के नेताओं को प्रदेश के 65 हजार बूथों पर कम से कम 10 फीसदी वोट शेयर बढ़ाने का लक्ष्य दिया था। इसके लिए 20 हजार कार्यकर्ताओं की हर बूथ पर दो-दो को संख्या में तैनाती की गई।

### हर माह बूथ की बैठक हो

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बूथ कार्यकर्ताओं को यह भी कह चुके हैं कि बूथ स्तर पर लगातार सक्रिय बने रहें ताकि दूसरे दल को पैर जमाने का मौका ही न मिल सके। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर एक तारीख तय कर उस दिन गांव का जन्मदिन मनाए, जिसमें सभी गांव वासियों को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा तय करें कि हर माह बूथ की बैठक आयोजित हो और उसमें सभी कार्यकर्ताओं को बुलाया जाए। इस बैठक में गांव के विकास पर चर्चा हो।

### विपक्षी नेताओं का भी जुटाया जा रहा ब्यौरा

चौंकाने वाली बात यह हे कि बूथ स्तर पर तैनात सरकारी अमले के अलावा संबंधित क्षेत्र के कांग्रेसी सहित अन्य नेताओं की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसमें उनसे संबंधित विभिन्न तरह की जानकारी शामिल है। भाजपा संगठन का इसके पीछे मानना है कि विधानसभा चुनाव के समय यह जानकारी उपयोगी साबित होगी। कटनी में हालांकि बूथ विस्तारक योजना को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई।

# कोरोना में स्कूल बंद रहने से बोर्ड परीक्षाओं की नहीं हो पाई तैयारी

**कटनी।** एक तरफ 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं कड़े नियम से संचालित की जा रही है तो दूसरी ओर पूरे साल स्कूलों के न लगने और ठीक तरीके से पढ़ाई नहीं होने से छात्र-छात्राएं परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाए हैं। परीक्षा के चलते स्कूली छात्र-छात्राएं मुसीबत में हैं। छात्र-छात्राओं को कोरोना गाइड लाइन का पालन करने व उससे बचने के लिए कहा जाता था। परीक्षाओं के विषय में व सलेबस कोर्स तो कराया ही नहीं गया। छात्र-छात्राओं ने तो बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी ही नहीं की। तैयारी तो सिर्फ पूरे साल विद्यार्थी कोरोना से बचने के लिए ही करते रहे। कुछ ऐसी बातें परीक्षार्थी से जानकारी प्राप्त करने में सामने आईं। बताया गया कि जिस प्रकार से प्रश्न पत्र अब हल करने को दिए जा रहे हैं पिछले बोर्ड परीक्षाओं से जटिल है और ऊपर से परीक्षा ले रहे शिक्षकों के रौब व इनकी चेतावनी से जो कुछ पढ़ा पढ़ाया व याद किया होता है वह भी दहशत एवं दिमाग पर ज्यादा जोर डालने के कारण आधा अधूरा और भूल जाने की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा कुछ परीक्षार्थियों ने यह भी जानकारी दी कि परीक्षा देते समय यदि किसी छात्र-छात्राओं की गर्दन भी जरा सी हिलीडुली तो परीक्षा ले रहे शिक्षक द्वारा प्रश्नपत्र तुरंत हाथ से छुडाकर बाहर का रास्ता दिखाने और प्रश्नपत्र हल करने से वंचित कर दिए जाने की बात कही जाती है। परीक्षा ले रहे शिक्षकों द्वारा रेस्टीकेशन जैसे शब्द परीक्षार्थियों को कहे जाने पर बच्चे सहम जाते हैं। कहा जा रहा है कि परीक्षा स्थल पर उड़नदस्ता पहुंचने वाली है, छापा पड़ेगा जैसे ऐसी बातों से परीक्षार्थियों को डराया धमकाया जा रहा है। अनेक परीक्षार्थियों ने शिकायत करते हुए शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों का इस ओर ध्यानाकृष्ट कराते हुए परीक्षा स्थल पर परीक्षार्थियों के लिए सुलभ, सरल तरीके की व्यवस्था बनाने जाने एवं परीक्षा ले रहे शिक्षकों द्वारा इस तरह की दहशतनुमा बातें न करने एवं छात्र-छात्राओं डराये जाने जैसी हरकतें किये जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए ताकि परीक्षार्थी सहजतापूर्वक अपना प्रश्नपत्र हल कर सकें।

# बिचपुरा में घर-घर पहुंचे कांग्रेसी






**बरही।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बरही ब्लॉक कांग्रेस अंतर्गत ग्राम बिचपुरा में घर चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत मां दुर्गा जी का पूजन अर्चन के पश्चात ग्राम के बुजुर्ग एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों का स्वागत कर संगोष्ठी आयोजित की गई एवं कांग्रेस की जन हितैषी नीतियों को बता कर कार्यकर्ताओं को किस तरह से पूरे ग्राम में कांग्रेस को मजबूत बनाना है आगामी कांग्रेस की तैयारियों संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा के द्वारा फैलाई जा रही आपसी वैमनस्यता के खिलाफए महंगाईए बेरोजगारी एवं अन्य मुद्दों को लेकर जन जन तक पहुंचाने का प्रयास कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए। इस संबंध में सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया और यह कार्यक्रम सेवादल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बरही निरपत कुशवाहा के समायोजन से संपन्न हुआ। तत्पश्चात ग्राम के सभी वार्डों पर घर घर पहुंच कर कांग्रेस ने दस्तक दी और जनसंदेश दिया। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता इंजीनियर नीरज सिंह बघेल, बरही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित संजय बिलौहॉ, विजयराघवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कार्यवाहक सोमनाथ मिश्रा, बरही ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री रवि तिवारी, बरही ब्लॉक कांग्रेस युवा अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, प्रकाश नारायण दुबे, दादूराम दुबे, प्रेमलाल कोल, धीरज दुबे, राजकुमार साहू, पवन कुशवाहा, राममिलन विश्वकर्मा, राजेश कुशवाहा, पुष्पराज कुशवाहा, भोले मिश्रा, आसाराम साहू, इंद्रभान कुशवाहा, दुलीचंद कोल, सुनील दुबे, दीपक कुशवाहा, ददन पंडित एवं अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्लोबल वॉर्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने ऊर्जा साक्षरता अभियान प्रारंभ

### कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुखों को अभियान के तहत आवश्यक कार्रवाई के दिये निर्देश

**कटनी।** वर्तमान परिदृश्य में जलवायु परिवर्तन के पर्यावर्णीय दुष्प्रभाव वैश्विक स्तर पर परिलक्षित हो रहे हैं। इस स्थिति से प्रत्येक व्यक्ति अवगत है तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष से भागीदार भी है। ग्लोबल वॉर्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की दिशा में कदम बढ़ाते हुये मध्यप्रदेश शासन ने उर्जा साक्षरता अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान के माध्यम से जिले के समस्त नागरिकों को समयबद्ध कार्ययोजना अनुसार साक्षर किये जाने का कार्य किया जायेगा। जिसमें स्कूली छात्रों, कॉलेज के छात्रों, कृषकों, गृहणियों, आमजन तथा सभी नागरिकों की सहभागिता ली जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त विभागों के प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया है। जिसमें कहा गया है कि उर्जा साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिये अपने-अपने विभाग एवं कार्यक्षेत्र में क्रियान्वयन की कार्रवाई करें। इस अभियान में समस्त विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनसामान्य तथा हितग्राहियों को ूर्णेींण्उचण्हवअण्पद के माध्यम से जोड़ने के लिये अधिक से अधिक पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही समय सीमा में इस अभियान से जुड़ने के लिये आमजन को भी प्रेरित किया जाये।

# वेंकट वार्ड में घर चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत दिलाई गई लोगों को कांग्रेस की सदस्यता



**कटनी।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में घर चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत वेंकट वार्ड में सदस्यता अभियान चलाया गया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं का वार्ड के निवासियों ने भव्य स्वागत स्वागत किया तथा भाजपा पर आरोप लगाया मोदी और शिवराज के राज में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथिलेश जैन ने कहा पूरे शहर में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता करण सिंह चौहान, राकेश जैन कक्का, जालिम यादव, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माया चौधरी, जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष निशा मिश्रा, हेमा शर्मा, रुकमणि पांडे, लता खरे, मीनाक्षी वल्वी, रजनी वर्मा, रजनी नायक, पूर्व पार्षद चोखे भाई, रौनक खंडेलवाल, दीपक केशरवानी, श्याम यादव, राजकुमार झामनानी, अहमद कुरैशी, महिला न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीना सिंह बघेल, अधिवक्ता अजय गुप्ता, गीता बाई निषाद, अर्चना निषाद, जितेंद्र गुप्ता, रमेश अहिरवार, मोहन निषाद, पंचम निषाद, राजेश निषाद, शोभा लाल निषाद, रमेश प्रसाद, कल्लू निषाद, रवि बर्मन, मंजू निषाद, अर्चना निषाद, रजत यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक कप के अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 1 मार्च से

**कटनी।** मुख्यमंत्री की मंशानुसार खेल गतिविधियों के व्यापक प्रचार एवं खेल में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से युवाओं को सहभागी बनाने के उद्देष्य से वर्ष 2021-22 में 1 मार्च से 31 मार्च के मध्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक कप के अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। विधायक कप के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बहोरीबंद (रीठी) विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय की अनुशंसा पश्चात कबड्डी, महिला, पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 1 मार्च से 5 मार्च के मध्य प्रारंभ किया जाएगा। विधायक कप का आयोजन स्लीम्नाबाद पड़वारा रोड स्टेडियम विकासखण्ड बहोरीबंद और पुराना जनपद खेल मैदान विकासखण्ड रीठी में सम्पन्न कराया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु टीम की जानकारी निर्धारित प्रारूप में 28 फरवरी सायं 4 बजे तक आवश्यक रूप से जमा कराएं। भाग लेने हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड जमा कराया जाना अनिवार्य है। विधायक कप में भाग लेने हेतु विधानसभा क्षेत्र बहारीबंद के अन्तर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद की समन्वयक चेतना झा मो. 9111080621 और विकासखण्ड रीठी के समन्वयक देवी सिंह मरावी मो. 9399410674 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# अजाक्स ने दिया धरना : पदोन्नति में आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स ने गत दिवस कचहरी चौराहे में धरना प्रदर्शन करते हुए शाम 4 बजे तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल के समूह के नाम ज्ञापन सौंपकर याद दिला रहे हैं कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप राज्य में कार्यरत अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारी कर्मचारियों को मिलने वाले संवैधानिक पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराए जाएं इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जो वादा किया था, उसके फलस्वरूप माननीय उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्य काउंसिल मनोज गोरकेला द्वारा बनाए गए नवीन पदोन्नति ड्राफ्ट को अपनी स्वीकृति दें।

राज्य सरकार के सचिवालय में पदस्थ कुछ वरिष्ठ अधिकारी जन संविधान तथा मुख्यमंत्री की मंशा के विपरीत कार्य कर रहे है।पदोन्नति में आरक्षण संबंधी बनाई गई मंत्री समूह को भी ऐसे कतिपय अधिकारियों द्वारा गुमराह कर मुख्यमंत्री की मंशा के विपरीतए वरिष्ठ न्यायविदों द्वारा बनाए गए पदोन्नति नियम में आमूलचूल परिवर्तन कर एक बड़े वर्ग को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इनकी कुत्सित चेष्टा से आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान होगा। इसी बात से यह वर्ग अत्यंत दुखी तथा आक्रोश में है। ऐसी स्थिति में राज्य के सबसे



### मांगे पूरी नही हुई तो 6 मार्च को करेंगे पैदल मार्च


बड़े कर्मचारी संगठन अजाक्स के प्रांतीय पदाधिकारियों ने सर्व अनुमति से यह निर्णय लेकर ज्ञापन सौंपकर मांग रखी है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को दिए गए संवैधानिक अधिकार के प्रकाश में राज्य के आरक्षित तथा अनारक्षित वर्ग को उनकी जनसंख्या तथा संवैधानिक प्रावधान एवं मानदंडों के अनुरूप पदोन्नति नियम बनाते हुए उन्हें आरक्षण देने का अधिकार दिया हैए इसी के अंतर्गत राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई सार्वजनिक घोषणा अनुरूप राज्य में वैधानिक दृष्टिकोण से बनाए गए पदोन्नति नियम को लागू करने हेतु स्मरण कराने के लिए ज्ञापन सौंपकर माँग की है।

उक्त ज्ञापन के माध्यम से माँगे अगर जल्द पूरी नही होती तो आगामी 6 मार्च को प्रत्येक जिले में पैदल मार्च निकालकर विरोध कर राजधानी भोपाल कूच करेंगे। इस दौरान अजाक्स जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, अरविंद सिंह पेंड्रो, रामदास चौधरी, एके प्रीतमा सिंह धुर्वे, सीमा कोरी, अरविंद सिंह धुर्वे, क्रांति कुंवर सिंह मरावी, सुदर्शन कोल, गुमान सिंहए एन. पी. जरहा, बैशाखू राम रैदास, रामलाल चौधरी, रामवतार वर्मा, सोहन लाल रैदास बृंदावन चौधरी, प्रतीम लाल रौतेल, सुगराम रैदास, मनोज कुमार कोरी, गुड्डा रैदास, किशन लाल भूमिया, ओम प्रकाश सकतेल, गावेंद सिंह, गोपाल सिंहए उमेश सोनखरे गोपाल प्रसाद चौधरी, राजकुमार चौधरी, सत्यपाल मरावी, सुभाष चौधरीए, मैथिली सूर्या, संदीप कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, कैलाश चौधरी, शंकर सिंह, ओमकार रैदास, कैलाश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रात्रिकालीन सफाई अभियान में जुटे स्वच्छता दूत

## दो पालियों में अभियान चलाकर बड़े एवं छोटे नाले-नालियों की कराई जा रही साफ-सफाई







**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु विगत रात्रि जोन क्रमांक 01 स्थित नदी पार मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गो एवं बस स्टेण्ड परिसर की सफाई कराई जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे है। दो पालियों की सफाई व्यवस्था सहित समूहिक दलेल के माध्यम से वार्डवार चलाये जा रहे सफाई अभियान के तहत रामजानकी हनुमान वार्ड में सफाई अभियान लगाया जाकर स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से वार्ड के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो सहित नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर वार्ड की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये गए। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना दो पालियों में सर्वेक्षण के निर्धारित बिन्दुओं के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों के मार्गदर्शन में नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक चौराहों, तिराहों, गलियों, बाजार क्षेत्रों, डिवाइडर, डस्टबिन,आदि की सफाई सहित आचार्य कृपलानी वार्ड माधवनगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गो, बरगवां, पन्ना मोड मुख्य मार्ग, संयम स्तंभ के आसपास के मार्ग एवं डिवाइडर, मिशन चौक मुख्य मार्ग, आजाद चौक, सम्राट गली, धंती बाई स्कूल प्वाइंट, कोतवाली तिराहा, चौपाटी फूल मंडी, एम.जी.एम प्वाइंट, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला एवं मलिन वंशकार बस्ती, वेंकट वार्ड स्थित निषाद स्कूल परिसर, शिवाजी वार्ड स्थित मेन रोड, पी.डब्ल्यू डी कॉलोनी सहित नगर के अन्य विभिन्न स्थलों की सफाई सहित डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य कराया गया। नगर के बडे एवं छोटे नाले नालियों के अपशिष्ट की सफाई कराकर सुगम पानी की निकासी को दृष्टिगत रखते हुए इंदिरा गांधी वार्ड स्थित शिवनगर की नालियों, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित गाटर घाट नाला, जगमोहन दास वार्ड स्थित चढडा कॉलेज के आगे के बडे नाले, गुरूनानक वार्ड बरही रोड कृष्णा होटल, मॉल के सामने, कावसजी वार्ड स्थित बारडोली कॉलेज के सामने, आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित राहुल बाग की ओर से आने वाला माई नदी एवं बसंत विहार कॉलोनी के नाले, मदन मोहन चौबे वार्ड भूमि प्रकट शारदा माता मंदिर के पास, बाबा माधवशाह वार्ड स्थित हास्पिटल लाईन, हरिजन बस्ती, ग्राम पंचायत चौराहा के बडे नाले, विवेकानंद वार्ड स्थित वंशकार बस्ती, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड चांदमारी कॉलोनी सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
यश भारत
कटनी, मंगलवार 22 फरवरी 2022
फोन- 230033


# रेलवे ने टिकिट चेकिंग से कमाए 124 करोड़

## पमरे के तीनों मंडलों में जबलपुर रेल मंडल ने सर्वाधिक राजस्व वसूला







### कटनी व आसपास पकड़ाए सबसे ज्यादा बिना टिकिट यात्री

**कटनी।** रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनवरी 2022 तक दस महीनों में टिकिट चेकिंग से 124 करोड़ से अधिक रूपए कमाए हैं। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के निर्देशन और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल शरण माथुर के मार्गदर्शन में पिछले दस महीनों से कटनी-जबलपुर, कटनी-बिलासपुर, कटनी-सतना, कटनी-बीना व कटनी सिंगरौली रेलखंड सहित दूसरे रेलखंडों में टिकट चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों पर अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक टिकट चेकिंग स्टॉफ द्वारा बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना बुक किये सामान लेकर यात्रा करने वालों यात्रियों के विरुद्ध कुल 17.48 लाख प्रकरण दर्ज किये। जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल रुपये 124.31 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। मुख्यालय सीसीएम स्कॉड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने पमरे से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जांच अभियान से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक बिना टिकिट, अन बुक्ड लगेज, अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 0.30 लाख प्रकरण से रेलवे ने 02.32 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। जबलपुर रेल मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जांच अभियान से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक बिना टिकिट, अनबुक्ड लगेज, अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 08.24 लाख प्रकरण से रेलवे ने 63.63 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। पिछले दस महीनों में जबलपुर मंडल ने तीनों मंडलों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 60 करोड़ के आंकड़े को पार किया। वहीं भोपाल रेल मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जांच अभियान से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक बिना टिकिट, अनबुक्ड लगेज, अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 05.46 लाख प्रकरण से रेलवे ने 35.61 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। इसी प्रकार कोटा रेल मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मंडल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जांच अभियान से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक बिना टिकिट, अनबुक्ड लगेज, अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 03.48 लाख प्रकरण से रेलवे ने 22.75 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

**दम तोड़ रहा समग्र स्वच्छता अभियान**

# ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर हो गए शौचालय



**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय जर्जर हो गए हैं। यहां समग्र स्वच्छता अभियान मानिटरिंग के अभाव में दम तोड़ रहा है। गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर घरों में शौचालय बनाने के लिए की जो राशि जारी होती है कि उसमें अनियमितता की जा रही है। यही कारण है कि गांवों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने शौचालय उपयोग के लायक ही नहीं हैं। इसकी बानगी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में दिख रही है। जनपद पंचायत के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। शौचालय खुले में शौचमुक्त कराने के लिए देश में समग्र स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत घर-घर शौचालय का निर्माण भी हुआ है लेकिन ग्रामीण अंचलों में बने शौचालय इतनी घटिया है कि अनुपयोगी साबित हो रही है। ढीमरखेड़ा जनपद के ग्राम पंचायत अतरिया बिचुआ भमका जिर्री ग्रामों में कागजों में ही स्वच्छता अभियान चल रहा है। यहां बने शौचालय इतनी घटिया है कि उपयोग करने ही लाइक नहीं है और जर्जर हालत में पहुंचते जा रहे हैं दरअसल इसके निर्माण में मिट्टी मिली रेत का इस्तेमाल हुआ है। इससे यह मजबूती प्रदान नहीं कर पा रहे हैं।

### इस तरह बढ़ी राशि

जिला पंचायत के माध्यम से 1999 में समग्र स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव में शौचालय बनाए जाने के लिए पात्र हितग्राही को 5 सौ रुपये दिए जाते थे। 2007 में राशि बढ़कर 12 सौ रुपये हो गई, इसके बाद 2009 में राशि 22 सौ रुपये कर दी गई। इस बीच 1 अप्रैल 2012 को केंद्र की कांग्रेस सरकार ने समग्र स्वच्छता अभियान को निर्मल भारत अभियान का नाम दे दिया। जिसके बाद शौचालय के लिए 46 सौ रुपये निर्मल भारत अभियान और 44 सौ रुपये रोजगार गांरटी योजना के तहत मिलने लगा। जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद 2 अक्टूबर 2104 को निर्मल भारत अभियान का नाम बदलकर स्वच्छ भारत मिशन कर दिया गया और राशि 12 हजार रुपये कर दी गई।

# बाइक से गिरकर घायल प्रौढ़ को कार ने कुचला

### बरही मार्ग पर ग्राम बंजारी के समीप हादसा

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत बरही मार्ग पर ग्राम बंजारी के समीप मोटर सायकल अनियंत्रित होने के कारण सड़क पर गिरे एक 55 वर्षीय प्रौढ़ को उसीदौरान वहां से गुजर रही कार ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 निवासी 55 वर्षीय रघुनाथ रावत पिता नाथू मोटर सायकल में सवार होकर कहीं जा रहा था। उसीदौरान बरही मार्ग पर ग्राम बंजारी के समीप बाइक बेलगाम होकर पलट गई। जिसके कारण रघुनाथ सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने जानकारी पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती उससे पहले ही वहां से गुजर रही तेज रफ्तार कार ने उसे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए कार चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक-युवती फांसी पर झूले

**कटनी।** माधवनगर व उमरियापान थाना अंतर्गत अकाल मौत की दो अलग-अलग घटनाओं में एक 18 वर्षीय युवक व एक 35 वर्षीय युवती के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामलों की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत राबर्ट लाइन निवासी 18 वर्षीय छोटू उर्फ वसूली उर्फ राजकुमार पिता लखन यादव के द्वारा घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इसी प्रकार उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम महनेर में 35 वर्षीय आरती पति सज्जन यादव के द्वारा भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

**रेडियम लगाकर भी हो रही हादसों को रोकने कवायद**

# मवेशियों के सींग पर यातायात पुलिस ने लगवाया चमकीला पेंट



**कटनी।** शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र में इन दिनों मवेशियों की धमकाचौकड़ी बढ़ी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में न सिर्फ लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं बल्कि मौत भी हो रही है, वहीं मवेशी भी चोटिल हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के आदेश पर यातायात विभाग द्वारा मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फिर एक नई कवायद शुरू की गई है। यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे ने बताया कि सैकड़ों मवेशियों के सींग पर चमकीला पेंट (फ्लोरोसेंट पेंट) लगवाया जा रहा। कटनी जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मवेशियों के सींग में रेडियम टेप, फ्लोरोसेंट पेंट कराया जा रहा। शहर के नागरिकों ने बताया कि रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते। सींग पर स्थाई पेंट से इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है।



# खेत से 70 हजार के सबमर्सिबल पंप चोरी

**कटनी।** किसान दिन रात खेतों में मेहनत करके किसी भी तरह अपनी खेती बाड़ी कर रहे हैं लेकिन चोरी करने वाले अब मोटर पंप तार वगैरह भी चोरी कर लेते हैं। जिससे किसानों को पर दोहरी मार होती है। इसी क्रम में ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है। आलम ये है कि एक रात में दो चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है। चोरों ने क्षेत्र कि दो किसानों के खेत से मोटर पंप चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के खम्हरिया गांव निवासी राहुल पिता संतोष साहू के खेत में लगा समर्सिबल पंप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने राहुल साहू की शिकायत पर चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। चोरी गए समर्सिबल पंप की कीमत करीब 40 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा खम्हरिया गांव के ही किसान सुनील सिंह के खेत से चोरों ने दो मोटर पंप चोरी कर लिए हैं। चोरी गए मोटर पंप की कीमत लगभग 30 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने सुनील सिंह की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

# ठेकेदार पर मजदूरों की भविष्य निधि हड़पने का आरोप

**स्लीमनाबाद पुलिस ने दर्ज की एफआइआर**



**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने मजदूरों की भविष्य निधि हड़पने वाले ठेकेदार के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोपी ठेकेदार की तलाश पुलिस ने शुरु कर दी है लेकिन अब तक उसके संबंध में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि जबलपुर के आधारताल थाना क्षेत्र के मानसरोवर कॉलोनी निवासी एमजी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट के मैनेजर शुभलाष तिवारी ने शिकायत में बताया कि कैमोर में किराए के कमरे में रहने वाला राजेश कुमार उपाध्याय मजदूरों का ठेकेदार है। मूलरुप से वह जबलपुर का निवासी है। राजेश कुमार उपाध्याय ने 16 मजूदरों की भविष्य निधि करीब डेढ़ लाख रुपए जमा नहीं की। मजदूरों की भविष्य निधि उसने हड़प ली है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर राजेश कुमार उपाध्याय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

**दिन भर सवारी का इंतजार करते रहते हैं आटो चालक**

# जिला अस्पताल के बाहर वाहनों की धमाचौकड़ी से मरीज परेशान



**कटनी।** जिला अस्पताल के बाहर मुख्य प्रवेश द्वार पर वाहनों का अघोषित वाहन स्टैंड बना हुआ है। अस्पताल के गेट के सामने दिन भर ऑटो रिक्शा खड़े रहते हैं। जिसके कारण गेट पर ही कई बार जाम की स्थिति बनती है। बावजूद इसके यातायात पुलिस ऑटो रिक्शा चालकों पर कार्रवाई नहीं करती है। कार्रवाई नहीं होने से बगैर किसी डर के ऑटो चालक जिला अस्पताल के बाहर सवारी का इंतजार करते रहते हैं। सुबह ओपीडी काउंटर खुलने के बाद से अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या काफी अधिक होती है। इस दौरान अस्पताल के बाहर ऑटो रिक्शा चालक भी सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं। जिसके कारण अस्पताल में जाने और वहां से आने में मरीजों को उनके परिजन परेशान होते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल के बाहर वाहनों की अघोषित पार्किंग भी की जाती है। जिसके कारण वहां पर दिन भर जाम की स्थिति बनती है। ऑटो रिक्शा खड़े होने और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से जाम की स्थिति बनती है। अस्पताल गेट के बाहर ऑटो रिक्शा खड़े होने से जाम लगता है। कई बार तो एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है।

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

Hire Vintage Car for Wedding
ROYAL VINTAGE
Vintage Car Rent
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
स्पेशल डिस्काउंट
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)